# सड़कों पर सांडों का आतंक

**खास बातें**
- राहगीरों और दुकानदारों की बढ़ी परेशानी
- नगर में सांडशाला बनाने की मांग
- परिषद की बैठक में भी उठ चुका है मुद्दा



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 1 जून. नगर में आवारा सांडों की बढ़ती संख्या आम नागरिकों, राहगीरों और सब्जी विक्रेताओं के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन गई है. शहर की लगभग हर गली, सड़क और बाजार क्षेत्र में सांडों का जमावड़ा देखा जा सकता है, जिससे लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है.**

स्थानीय लोगों का कहना है कि सांड अक्सर लोगों के हाथों में सब्जी या अन्य खाद्य सामग्री से भरे थैले देखकर उनके पीछे पड़ जाते हैं. कई बार जान बचाने के लिए लोगों को अपनी खरीदी हुई सब्जियां और सामान सड़क पर फेंकना पड़ता है. इसके बावजूद कई नागरिक सांडों के हमलों और धक्कामुक्की का शिकार हो चुके हैं.

### यातायात व्यवस्था भी हो रही प्रभावित

नागरिकों के अनुसार कई बार सांड सड़क के बीचों-बीच खड़े रहते हैं या आपस में लड़ने लगते हैं, जिससे यातायात बाधित हो जाता है. ऐसी स्थिति में ऑटो रिक्शा, मोटरसाइकिल और अन्य वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बढ़ जाता है. कई क्षेत्रों में लोग सांडों के डर से अपना रास्ता तक बदल लेते हैं.

### सब्जी विक्रेताओं को हो रहा आर्थिक नुकसान

सड़क किनारे सब्जी बेचने वाले दुकानदारों का कहना है कि सांड उनकी दुकानों तक पहुंच जाते हैं और सब्जियां खाने के साथ-साथ उन्हें खराब भी कर देते हैं. कई बार दुकानदारों द्वारा उन्हें भगाने का प्रयास किया जाता है, लेकिन आक्रामक सांड दुकानदारों के पीछे ही पड़ जाते हैं. ऐसे में दुकानदारों को अपनी दुकान छोड़कर भागना पड़ता है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है.व्यापारियों का आरोप है कि नगर पालिका परिषद उनसे नियमित रूप से शुल्क और कर वसूलती है, लेकिन उनकी सुरक्षा और समस्याओं के समाधान की दिशा में अपेक्षित कदम नहीं उठाए जा रहे हैं.

### परिषद की बैठक में उठी सांडशाला की मांग

इस समस्या को लेकर नगर पालिका परिषद की बैठकों में भी चर्चा हो चुकी है. पार्षद सौदान सिंह यादव ने परिषद की बैठक में नगर हित में एक अलग सांडशाला संचालित किए जाने का प्रस्ताव रखा था. उनका कहना था कि नगर में पकड़े जाने वाले सांडों को एक निर्धारित स्थान पर रखा जाए, जिससे सड़कों और बाजारों में उनकी संख्या कम हो सके.उन्होंने यह भी सुझाव दिया था कि नगर की विभिन्न गौशालाओं के संचालकों की बैठक बुलाकर उन्हें कुछ सांड रखने के लिए प्रेरित किया जाए. उनका मानना है कि गौसेवा के साथ-साथ नंदी सांडों की सेवा भी धार्मिक और सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण कार्य है.

### स्थायी समाधान की मांग

नगरवासियों का कहना है कि आवारा सांडों की समस्या अब केवल असुविधा का विषय नहीं रह गई है, बल्कि यह जनसुरक्षा और यातायात व्यवस्था से जुड़ा गंभीर मुद्दा बन चुकी है. लोगों ने नगर पालिका परिषद से शीघ्र प्रभावी कार्रवाई करते हुए स्थायी समाधान निकालने की मांग की है, ताकि नागरिकों और व्यापारियों को राहत मिल सके.

## 24 घंटे में सरिया चोरी की वारदात का खुलासा

- मामले में एक आरोपी को किया गिरफ्तार
- 40 हजार का मशरूका व घटना में प्रयुक्त ऑटो जप्त
- 55 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले



नवभारत न्यूज

**सिरोंज 1 जून, थाना सिरोंज पुलिस ने लोहे के सरिया चोरी की घटना का मात्र 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने चोरी का मशरूका भी बरामद किया है. पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी राजीव जैन पिता श्रीचंद्र जैन निवासी कठाली बाजार सिरोंज द्वारा थाना सिरोंज में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके 8 क्विंटल लोहे के सरिया चोरी कर लिए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 40 हजार रुपए है. शिकायत पर थाना सिरोंज में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई.**

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी सिरोंज सोनू डावर के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी सिरोंज गजेंद्र सिंह बुंदेला के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई. टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण, भौतिक साक्ष्यों का संकलन एवं आसपास के लगभग 55 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का सूक्ष्म परीक्षण किया गया. पुलिस ने सघन जांच एवं लगातार प्रयासों के फलस्वरूप घटना में संलिप्त आरोपी को चिन्हित कर गिरफ्तार किया गया. आरोपी के कब्जे से चोरी का 8 क्विंटल लोहे का सरिया, जिसकी कीमत लगभग 40 हजार रुपए है, तथा घटना में प्रयुक्त तीन पहिया लोडिंग ऑटो जप्त किया है. मामले में पुलिस ने आरोपी मुकेश अहिरवार को गिरफ्तार किया है. पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह बुंदेला, प्रधान आरक्षक रविंद्र तोमर, प्रधान आरक्षक रामबाबू मालवीय एवं आरक्षक अजब सिंह की सराहनीय भूमिका रही.

## छह माह के लिए किया गया जिला बदर

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अंशुल गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर एक प्रकरण में जिला बदर की कार्रवाई करते हुए आदेश जारी किया है.जारी आदेश के अनुसार विभिन्न आपराधिक मामलों में संलिप्त रिजवान उर्फ नंगा खान पिता फैज खान, उम्र 27 वर्ष, निवासी ग्राम धनौरा हवेली, थाना सिविल लाइन, विदिशा के विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई है.आदेश के तहत संबंधित व्यक्ति को छह माह की अवधि के लिए विदिशा जिले की राजस्व सीमा से निष्कासित किया गया है. इसके साथ ही वह इस अवधि में विदिशा से लगे सीमावर्ती जिलों रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर तथा राजगढ़ की राजस्व सीमाओं में भी प्रवेश नहीं कर सकेगा.प्रशासन द्वारा यह कार्रवाई कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा शांति एवं सुरक्षा के मद्देनजर की गई है.



## कॉलेज विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, स्थानीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया. जिसमें उन्होंने छात्र-छात्राओं की समस्याओं से अवगत कराते हुए उनका शीघ्र निराकरण कराने की मांग की.**

गत दिवस स्थानीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के लिए अभाविप द्वारा एक हेल्प डेस्क छात्र सहायता केंद्र का आयोजन किया गया. इस हेल्प डेस्क के माध्यम से कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने अपनी-अपनी समस्याओं के बारे में बताया. जिसके बाद छात्रों की इन समस्याओं को लेकर सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सिरोंज इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा एक आवेदन सौंपा गया. जिसमें उन्होंने कॉलेज प्रशासन छात्रों द्वारा बताई गई पार्किंग, ग्राउंड, छात्र-छात्राओं के वॉशरूम में नियमित पानी की व्यवस्था, पानी की समस्या के बारे में बताते हुए उनका शीघ्र निराकरण कराने की मांग की. इस दौरान अभाविप कार्यकर्ता मौजूद रहे.

## कथा समापन के बाद यज्ञ, हवन और भंडारे का हुआ आयोजन

**सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का हुआ समापन, श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी**

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा. सदर बाजार स्थित मुरली मनोहर मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन धार्मिक अनुष्ठानों और भंडारे के साथ हुआ. कथा का आयोजन 25 मई से 31 मई तक किया गया था, जिसमें वृंदावन से पधारे कथावाचक सौरभ कृष्ण शास्त्री ने श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया.**

मंदिर के पुजारी बल्लभ भार्गव ने बताया कि कथा समापन के उपरांत 1 जून को मंदिर प्रांगण में यज्ञ एवं हवन का आयोजन किया गया. सुबह शुरू हुए यज्ञ में कथा के यजमानों एवं श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से आहुतियां अर्पित कर सुख-समृद्धि और लोककल्याण की कामना की.यज्ञ की पूर्णाहुति के पश्चात शाम करीब 4 बजे भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया. बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की. भंडारे का क्रम देर रात तक जारी रहा और श्रद्धालुओं का लगातार आगमन बना रहा.कार्यक्रम के दौरान मंदिर प्रांगण में विभिन्न मंडलियों द्वारा भजन संध्या का आयोजन भी किया गया. भक्ति गीतों और भजनों की प्रस्तुति ने माहौल को भक्तिमय बना दिया. देर रात तक चले भजन कार्यक्रम में श्रद्धालु संगीत की धुनों पर झूमते और भक्ति रस में सराबोर होकर नृत्य करते नजर आए.धार्मिक आयोजन के समापन पर श्रद्धालुओं ने कथा एवं अनुष्ठानों के सफल आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना की.

## ग्राम मुख्यालय पर ही सोसायटी कार्यालय संचालन की मांग

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** ग्रामीण मुख्यालय पर सोसायटी कार्यालय संचालित कराने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी के नाम एक ज्ञापन सौंपा. जिसमें उन्होंने कहा कि ग्राम दीपनाखेड़ा की पैक्स संस्था का मुख्यालय नियमानुसार ग्राम दीपनाखेड़ा में संचालित किया जाना आवश्यक है. किंतु वर्तमान में संस्था का संचालन अन्य स्थान से किए जाने की जानकारी प्राप्त हो रही है. जिससे ग्राम के किसानों एवं सदस्यों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. संस्था का मुख्यालय ग्राम दीपनाखेड़ा में संचालित न होने से किसानों को दस्तावेजी कार्य, जानकारी प्राप्त करने, खरीदी संबंधी कार्य, भुगतान संबंधी जानकारी एवं अन्य प्रशासनिक सुविधाओं हेतु अनावश्यक दूरी तय करनी पड़ती है. जिससे समय एवं आर्थिक हानि हो रही है. उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाकर पैक्स संस्था दीपनाखेड़ा कार्यालय ग्राम मुख्यालय पर ही संचालित कराने की मांग की.



## साहू समाज के चुनाव संपन्न, डॉ . काशीराम साहू निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

- समाज के वरिष्ठजनों ने किया सम्मान
- सामाजिक उत्थान के लिए जताई उम्मीद

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा. साहू समाज के नगर स्तरीय चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए, जिसमें डॉ. काशीराम साहू को गंजबासौदा नगर साहू समाज का अध्यक्ष निर्विरोध घोषित किया गया. उनके निर्वाचन पर समाज में हर्ष का वातावरण रहा.**

नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. काशीराम साहू का समाज के वरिष्ठजनों द्वारा पुष्पमालाओं से स्वागत एवं सम्मान किया गया. इस अवसर पर साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं उद्योगपति भगवानदास साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे.कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठजनों ने डॉ. काशीराम साहू को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में समाज को नई दिशा मिलेगी. साथ ही उनसे अपेक्षा की गई कि वे समाज के उत्थान, संगठन की मजबूती तथा विभिन्न सामाजिक समस्याओं के निराकरण में सक्रिय भूमिका निभाएंगे.

समाज के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ सदस्यों ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए सभी वर्गों को साथ लेकर चलना आवश्यक है. उन्होंने आशा व्यक्त की कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष समाजजनों के सहयोग से शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और संगठनात्मक विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य करेंगे.कार्यक्रम के दौरान समाज के अनेक गणमान्य नागरिकों ने डॉ. काशीराम साहू को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की.

## फरार आरोपियों पर नकद इनाम की घोषणा

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा थाना शमशाबाद में दर्ज अपराध क्रमांक 416/2026 के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी में सहयोग करने वाले व्यक्ति को नकद पुरस्कार देने की घोषणा की गई है.जारी आदेश के अनुसार विभिन्न धाराओं में दर्ज प्रकरण के फरार आरोपी आदिल खान पुत्र सादिक खान तथा सद्दाम पुत्र मोहम्मद उर्फ मन्नन अली, निवासी ग्राम करमेड़ी छोटाखेड़ा, थाना शमशाबाद, जिला विदिशा की सूचना देने वाले व्यक्ति को तीन हजार रुपये की नकद राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाएगी.

विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.

## 6 जून को मनाया जाएगा यमराज धाम का 14वां स्थापना दिवस



- भक्तों की बैठक में लिया गया निर्णय, धार्मिक आयोजनों की तैयारियां शुरू

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा. बर्री घाट स्थित यमराज धाम का 14वां स्थापना दिवस 6 जून 2026 को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा. स्थापना दिवस के आयोजन को लेकर भक्तों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम को भव्य रूप से संपन्न कराने का निर्णय लिया गया.**

यमराज धाम के संस्थापक पंडित दीपक तिवारी ने बताया कि नगर के धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी शनि शक्ति धाम के पीछे स्थित यमराज धाम पर स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा.पंडित तिवारी ने बताया कि यमराज धाम की स्थापना 6 जून 2013 को गंजबासौदा में की गई थी. उन्होंने कहा कि यमराज को धर्मराज के नाम से भी जाना जाता है.

स्थापना के समय क्षेत्र में तेज आंधी और तूफान आया था, लेकिन किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जिसे श्रद्धालु विशेष घटना के रूप में स्मरण करते हैं.उन्होंने बताया कि यमराज धाम परिसर में शीघ्र ही भगवान चित्रगुप्त की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी. इसके लिए मूर्ति भी आ चुकी है. साथ ही परिसर में यमुना कुंड के निर्माण की योजना पर भी कार्य किया जा रहा है.

### मामा-भांजे और भाई-बहन की पूजा का विशेष महत्व

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यमराज धाम में मामा-भांजे तथा भाई-बहन द्वारा एक साथ पूजा-अर्चना करने का विशेष महत्व माना जाता है. स्थापना दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है.बैठक में पंडित गोपाल प्रसाद शर्मा, दिनेश दंडोतिया, एस.पी. श्रीवास्तव, कैलाश नामदेव, घनश्याम श्रीवास, ओ.पी. श्रीवास्तव, अभिनय श्रीवास्तव, सतीश पाराशर सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे. आयोजन की सफलता के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां भी निर्धारित की गईं.

## आईआईटी प्रवेश परीक्षा में रैंक 1732 हासिल कर विजेंद्र सिंह अकादमी ने रचा नया कीर्तिमान

- प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन, जिले का बढ़ाया गौरव



नवभारत न्यूज

**विदिशा. देश की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा आईआईटी प्रवेश (जेईई एडवांस्ड) 2026 के परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों और अभिभावकों में उत्साह की लहर दौड़ गई. इस वर्ष विजेंद्र सिंह अकादमी ने न केवल शानदार प्रदर्शन किया, बल्कि विदिशा की अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंक 1732 हासिल कर जिले का गौरव भी बढ़ाया है.**

अकादमी के छात्र देव साहू ने अखिल भारतीय रैंक 1732 एवं अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी में रैंक 309 प्राप्त कर संस्थान और जिले का नाम रोशन किया. इसके अलावा राज लोधी (अखिल भारतीय रैंक 6211, अन्य पिछड़ा वर्ग रैंक 1394), सहज प्रजापति (अखिल भारतीय रैंक 9273, अन्य पिछड़ा वर्ग रैंक 2219), आर्यन तिवारी (अखिल भारतीय रैंक 10318, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग रैंक 1316), कुशाग्र पाल (अखिल भारतीय रैंक 20191, अन्य पिछड़ा वर्ग रैंक 5493), सौम्या गुप्ता (अखिल भारतीय रैंक 29187, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग रैंक 4400), गर्गी नामदेव (अन्य पिछड़ा वर्ग रैंक 11328), अर्थ जैन (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग रैंक 5827), मिलर शर्मा (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग रैंक 6145), उपलक्ष्य किरार (अन्य पिछड़ा वर्ग रैंक 9468), कनिष्का चौधरी (अनुसूचित जाति रैंक 6138) तथा तनिष्का अहिरवार (अनुसूचित जाति रैंक 6642) ने भी सफलता प्राप्त कर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में प्रवेश की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है.

### मेहनत और मार्गदर्शन का मिला परिणाम

विजेंद्र सिंह अकादमी ने एक बार फिर उत्कृष्ट परिणाम देकर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचय दिया है. संस्थान के विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अभिभावकों के अटूट विश्वास तथा शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है.संस्थान द्वारा प्रदान की जाने वाली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नियमित मूल्यांकन परीक्षाएं, विषय विशेषज्ञ शिक्षकों का मार्गदर्शन तथा व्यक्तिगत परामर्श व्यवस्था ने विद्यार्थियों को यह मुकाम हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. यही कारण है कि संस्थान लगातार इंजीनियरिंग एवं चिकित्सा प्रवेश परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम दे रहा है.

संस्थान के संचालक ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विजेंद्र सिंह अकादमी का उद्देश्य केवल परीक्षाओं में सफलता दिलाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में उत्कृष्टता, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का विकास करना है. उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में भी संस्थान इसी प्रकार नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा.आईआईटी प्रवेश परीक्षा 2026 के परिणामों ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि विजेंद्र सिंह अकादमी विदिशा में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों की प्रमुख पसंद बनकर उभर रही है. संस्थान लगातार उत्कृष्ट परिणाम देकर सफलता की नई मिसाल कायम कर रहा है.

**बोवनी**

**मूंग कटाई के बाद खेतों की जुताई पूरी, मक्का और धान की ओर बढ़ रहा किसानों का रुझान**

## खरीफ सीजन की तैयारी तेज, खेतों में जुटे किसान, बारिश का इंतजार



नवभारत न्यूज

**पठारी. क्षेत्र में मूंग की फसल की कटाई लगभग पूरी होने के बाद किसान अब खरीफ सीजन की तैयारियों में जुट गए हैं. किसान खेतों की जुताई, मिट्टी पलटने और बीज की व्यवस्था जैसे कार्यों को अंतिम रूप दे रहे हैं, ताकि प्री-मानसून या अच्छी बारिश होते ही खरीफ फसलों की बोवनी शुरू की जा सके.**

जिन किसानों ने इस वर्ष मूंग की फसल नहीं ली थी, उन्होंने पहले ही अपने खेतों को खरीफ फसलों के लिए तैयार कर लिया है. वहीं मूंग कटाई के बाद अधिकांश किसान खेतों में प्लाऊ और अन्य कृषि यंत्रों से जुताई कर मिट्टी को तैयार कर रहे हैं. किसानों का कहना है कि पहली अच्छी बारिश के बाद मिट्टी नरम होते ही बोवनी का कार्य शुरू कर दिया जाएगा.

### धान की तुलना में मक्का की ओर बढ़ सकता है रकबा

क्षेत्र के किसान अजय सिंह ठाकुर (गढ़ी) एवं मयंक नामदेव के अनुसार इस वर्ष धान की खेती के प्रति किसानों का उत्साह अपेक्षाकृत कम दिखाई दे रहा है. धान उत्पादन में अधिक लागत लगने और सरकारी खरीद में उचित मूल्य नहीं मिलने के कारण किसान वैकल्पिक फसलों पर विचार कर रहे हैं. ऐसे में इस बार क्षेत्र में मक्का का रकबा बढ़ने की संभावना जताई जा रही है.

### अलग-अलग अवधि की किस्मों के बीज जुटाने में लगे किसान

किसान खरीफ सीजन के लिए विभिन्न अवधि वाली सोयाबीन एवं अन्य फसलों की किस्मों के बीजों की व्यवस्था करने में जुटे हैं. वहीं कुछ किसान धान की नर्सरी और खेतों की तैयारी भी कर रहे हैं. क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच किसानों को इस बार अच्छी वर्षा की उम्मीद है.किसानों ने खेतों की तैयारी तो पूरी कर ली है, लेकिन अधिकांश किसान अब मानसून की पहली अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं. उनका मानना है कि बारिश की स्थिति स्पष्ट होने के बाद ही खरीफ फसल के चयन और बोवनी का अंतिम निर्णय लिया जाएगा. मौसम अनुकूल रहा तो क्षेत्र में खरीफ फसलों की बोवनी जल्द शुरू हो जाएगी.

### सोयाबीन को लेकर किसान असमंजस में

किसानों का कहना है कि बाजार में सोयाबीन के अच्छे भाव मिलने के बावजूद पिछले वर्ष कम उत्पादन और नुकसान के कारण कई किसान इस बार सोयाबीन की बोवनी को लेकर असमंजस की स्थिति में हैं. यही कारण है कि किसान अभी बारिश की स्थिति देखने के बाद ही अंतिम निर्णय लेना चाहते हैं.